**Fuelling Sustainable Growth**

अंक : 611 वर्ष 45 रांँची, दिसम्बर, 2024

# अपनी बात

## सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका



# राँची में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के लिए सीसीएल ने किया समझौता ज्ञापन

## सीसीएल की ऐतिहासिक पहल : त्रिपक्षीय समझौते से स्वास्थ्य सेवाओं में आएगा बड़ा बदलाव




त्रिपक्षीय समझौते में उपस्थित सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र एवं अन्य गणमान्यगण

झारखंड की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करने की दिशा में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने 5 दिसम्बर को एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। काँके, राँची में 200 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशलिटी (कार्डियोलॉजी, पल्मोनोलॉजी और न्यूरोलॉजी) अस्पताल की स्थापना के लिए सीसीएल, बाबासाहेब अंबेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान (बीएवीपी) और धन्वंतरी आरोग्य सेवा संस्थान (डीएएसएस) के बीच त्रिपक्षीय समझौता किया। यह समझौता सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, राँची में आयोजित एक समारोह में संपन्न हुआ। सीसीएल के सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिती में यह महत्वपूर्ण समझौता हुआ।

### अस्पताल की प्रमुख विशेषताएँ

- 200 बिस्तरों की क्षमता वाला अत्याधुनिक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल
- कार्डियोलॉजी, पल्मोनोलॉजी और न्यूरोलॉजी में विशेषज्ञ सेवाएँ
- किफायती दरों पर जनता के लिए सुलभ चिकित्सा सुविधाएँ
- नवीनतम तकनीक और उपकरणों से सुसज्जित स्वास्थ्य सेवा केंद्र

### सीसीएल की प्रेरणादायक नेतृत्व क्षमता

यह पहल सीसीएल के सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह के दूरदर्शी और प्रेरक नेतृत्व का परिणाम है। श्री सिंह के मार्गदर्शन में सीसीएल ने न केवल कोयला खनन क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल की है, बल्कि समाज के समग्र विकास और कल्याण में भी अपनी अमिट छाप छोड़ी है। श्री सिंह ने इस अवसर पर कहा, ष्सीसीएल का उद्देश्य सिर्फ कोयला उत्पादन नहीं है, बल्कि लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना भी हमारी प्राथमिकता है। यह सुपर स्पेशलिटी अस्पताल इस दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।ष

उन्होंने आगे कहा कि यह परियोजना झारखंड के हर वर्ग को सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगी। श्री सिंह ने सीसीएल के कर्मचारियों और हितधारकों का आभार व्यक्त करते हुए इसे सामूहिक प्रयास और समर्पण का परिणाम बताया।

### समाज कल्याण में सीसीएल की अग्रणी भूमिका

सीसीएल ने हमेशा समाज के विकास और कल्याण को प्राथ. मिकता दी है। कंपनी ने शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन के क्षेत्र में कई पहलों के जरिए समाज में सकारात्मक बदलाव लाए हैं। इस अस्पताल की स्थापना न केवल क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने का काम करेगी, बल्कि इसे लोगों के लिए एक नई उम्मीद और जीवन रेखा के रूप में देखा जा रहा है।

इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, बीएवीपी और डीएएसएस के वरिष्ठ प्रतिनिधि, और सेवांकुर भारत की टीम के डॉक्टरों उपस्थित रहे। अवसर विशेष पर श्री ए. सी. मोहंता, डॉ. रत्नेश जैन, श्री आर. आर.

सिंह, श्री पी. के. साहू और श्री अमित प्रकाश एवं अन्य उपस्थित थे ।

### बीएवीपी और डीएएसएस का सहयोग

बाबासाहेब अंबेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान (बीएवीपी) और धन्वंतरी आरोग्य सेवा संस्थान (डीएएसएस) के सहयोग से यह अस्पताल स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम करेगा। बीएवीपी, महाराष्ट्र के संभाजीनगर में स्थित एक गैर–लाभकारी संगठन है, जो अपनी सामाजिक और चिकित्सा सेवा पहलों के लिए प्रसिद्ध है।



समझौते के दौरान सीएमडी, सीसीएल श्री निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा एवं निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र के थ अन्य गणमान्यगण

### स्वास्थ्य सेवा में नया युग

यह अस्पताल स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांति लाने के साथ–साथ आम लोगों के लिए सुलभ, सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएँ सुनिश्चित करेगा। यह पहल सीसीएल की समाज के प्रति प्रतिबद्धता को परिलक्षित करता है। लोगों के लिए यह अस्पताल न केवल स्वास्थ्य सुविधाओं की दिशा में एक नई शुरुआत है, बल्कि समाज के कल्याण और क्षेत्रीय विकास की ओर एक मजबूत कदम भी है।

ज्ञात हो कि सीएमडी सीसीएल श्री निलेंदु कुमार सिंह के नेतृत्व में कंपनी नित्य नए कीर्तिमान गढ़ रही हैं और समावेशी विकास के पहलों से लोगों चेहरे पर मुस्कान फैला रही है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया "एनसीडीसी स्थापना दिवस"



एनसीडीसी स्थापना दिवस के दौरान दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का उद्घाटन करते सीएमडी, सीसीएल श्री निलेन्दु कुमार सिंह के साथ अन्य गणमान्य अतिथिगण

सीसीएल मुख्यालय, राँची में 7 दिसम्बर को "एनसीडीसी स्थापना दिवस" बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। इस भव्य कार्यक्रम में सीएमडी सीसीएल श्री निलेंदु कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि नेशनल कोल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनसीडीसी) ने कोल इंडिया लिमिटेड एवं सीसीएल की नींव को मजबूत किया है और उनके मार्गदर्शन और अनुभव के कारण कंपनी आज देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को सफलतापूर्वक पूरा कर रही है।

इस कार्यक्रम में कोल इंडिया लिमिटेड और उसकी अन्य सहायक कंपनियों के पूर्व अध्यक्षों, निदेशकों, वरिष्ठ अधिकारियों और एनसीडीसी के पूर्व कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख अतिथियों में पूर्व चेयरमैन, सीआईएल डॉ. एम. पी. नारायणन, पूर्व चेयरमैन, सीआईएल श्री प्रमोद अग्रवाल, पूर्व सीएमडी,




समारोह के दौरान सभी को संबोधित करते सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह

डब्ल्यूसीएल श्री आर.डी. रॉय, पूर्व सीएमडी, सीसीएल/सीएमपीडीआईएल श्री एस.के. वर्मा, पूर्व सीएमडी, सीसीएल श्री बी. अकला, पूर्व सीएमडी, सीसीएल श्री आर. पी. रिटोलिया और पूर्व चेयरमैन, कोल इंडिया लिमिटेड एवं पूर्व सीएमडी, सीसीएल श्री गोपाल सिंह शामिल थे। इनके अलावा, सीएमपीडीआई के सीएमडी श्री मनोज कुमार, सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्रा, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री हरीश दुहान, निदेशक (परियोजना एवं योजना) श्री सतीश झा और मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में एनसीडीसी के पूर्व कर्मियों ने सीसीएल की गौरवशाली यात्रा पर प्रकाश डाला और अपने अनुभवों व स्मृतियों को साझा किया। इस अवसर पर पूर्व सीएमडी, सीसीएल श्री बी. अकला ने 'के.एस. चारी मेमोरियल लेक्चर' दिया। सीसीएल के सीएमडी श्री निलेंदु कुमार सिंह ने सभी गणमान्य अतिथियों का शॉल, नारियल और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और अपने सम्बोधन में कहा कि एनसीडीसी की विरासत और मार्गदर्शन ने कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनियों को नए आयाम तक पहुंचाने में मदद की है।

कार्यक्रम के दौरान ष्एचआर मैगजीनष् का विमोचन किया गया, जिसमें सीसीएल की विभिन्न गतिविधियों और उपलब्धियों को दर्शाया गया है। इसके अलावा, सीसीएल परिसर में राज्य के सबसे ऊंचे तिरंगे का अनावरण श्हर घर तिरंगा रू घर घर तिरंगाष अभियान के तहत बनाए गए वीडियो, जिसे सीसीएल के सोशल मीडिया फेसबुक अकाउंट पर एक मिलियन से अधिक व्यूज मिले हैं, और जिसे पूरे कोल इंडस्ट्री में इस क्षेत्र में ऐतिहासिक सफलता के रूप में देखा जा रहा है, की सफलता का जश्न केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर डीएवी गांधीनगर स्कूल के छात्रों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया, जबकि सीसीएल के कर्मचारियों द्वारा भी संगीत प्रस्तुत किया गया, जिसे सभी ने खूब सराहा। इस अवसर पर एनसीडीसी की यात्रा पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म "Journey of NCDC And CCL" भी प्रदर्शित की गई जिसमें NCDC के स्थापना से ले कर आज तक के कंपनी के प्रदर्शन एवं उपलब्धि को दिखाया गया, जिसकी खूब सराहना हुई।



समारोह के दौरान उपस्थित सभी गणमान्य अतिथिगण

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन सीसीएल के निदेशक (परियोजना एवं योजना) श्री सतीश झा ने दिया और मंच का संचालन श्री प्रिय रंजन कुमार, मुख्य प्रबंधक और श्रीमती श्रेया प्रियदर्शी, उप प्रबंधक ने किया।



समारोह में एच आर मैगजीन का उद्घाटन का एक दृश्य

# सीसीएल द्वारा ई–ऑटो रिक्शा वितरण

## महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य सेवा में एक नई पहल



एनसीडीसी स्थापना दिवस के अवसर पर गणमान्य अतिथियों द्वारा 10 वंचित महिलाओं को ई–ऑटो रिक्शा वितरण का दृश्य

सीसीएल द्वारा 7 दिसम्बर को सीएसआर के तहत महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य सेवा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अनूठी पहल की गई। एनसीडीसी फाउंडेशन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सीसीएल के सीएमडी श्री निलेंदु कुमार सिंह और अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में 10 ई–ऑटो रिक्शा का वितरण किया गया। इन ई–ऑटो रिक्शा का उद्देश्य टीबी एवं अन्य रोगियों को अस्पताल परिसर के भीतर और आसपास की परिवहन सुविधाएँ प्रदान करना है। इसके साथ ही, यह पहल आर्थिक रूप से वंचित महिलाओं को आजीविका का स्थायी साधन भी प्रदान करती है।

इस परियोजना के तहत, 10 वंचित महिलाओं को ई–रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण दिया गया और रामकृष्ण मिशन के मार्गदर्शन में उनकी निगरानी की जा रही है। बैटरी चालित ये ई–रिक्शा न केवल पर्यावरण के अनुकूल हैं, बल्कि इनके रखरखाव का खर्च भी बेहद कम है। यह महिलाएँ प्रतिदिन लगभग 500 रु. तक की आय अर्जित करेंगी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। मरीजों के परिवहन के अलावा, ये रिक्शा आसपास के गाँवों से अस्पताल और अन्य क्षेत्रों के लिए सुलभ परिवहन सुविधा प्रदान करेंगे। इस पहल का स्थानीय महिलाओं ने हर्षपूर्वक स्वागत किया।

ई–रिक्शा प्राप्त करने वाली महिलाओं ने सीसीएल और रामकृष्ण मिशन का आभार व्यक्त किया और इस परियोजना को 'जीवन में बड़ा बदलाव लाने वाली' पहल बताया। इस अवसर पर सीएमडी सीसीएल श्री निलेंदु कुमार सिंह ने कहा कि यह पहल स्वास्थ्य सेवा को सुलभ बनाने और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रामकृष्ण मिशन के सहयोग से संचालित यह परियोजना टीबी एवं अन्य मरीजों के लिए परिवहन सेवाओं को सस्ता और सुविधाजनक बनाएगी।



ई–ऑटो रिक्शा प्राप्त करने वाली महिलाओं के साथ उपस्थित गणमान्य अतिथिगण

# सीसीएल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

जन आरोग्य केंद्र, सीसीएल द्वारा 13 दिसम्बर को राँची के काँके नगड़ी बस्ती में एक निःशुल्क लेप्रोसी (चर्म रोग) सहित अन्य बिमारियों को लेकर जाँच शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 175 मरीजों की जाँच की गयी और उन्हें निःशुल्क चिकित्सीय सलाह दी गई। शिविर में विशेषकर चर्म रोग, हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, हाइपरटेंशन इत्यादि का निःशुल्क जाँच किया गया।

ज्ञात हो कि सीसीएल देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कोयला उत्पादन के साथ–साथ अपने कर्मियों एवं हितधारकों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए इस तरह का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन समय–समय पर करते रहती है।



निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का एक दृश्य

शिविर के सफल आयोजन में सीएमएस, सीसीएल, डॉ. रत्नेश जैन, सीएमओ, सीएसआर इंचार्ज, डॉ. प्रीती तिग्गा, डॉ. अनीता होरोय डॉ. अम्बरीष कुमार, डॉ. दीपाली रमेश समरीत, डॉ. प्रियंका झा, डॉ. शिल्पी झा, डॉ. अंशु एवं पारा मेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। सीसीएल की इस पहल को लाभुकों ने खुब सराहा।

# "कर्मयोगी" पोर्टल पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

सीसीएल, राँची के मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा कर्मयोगी पोर्टल पर पंजीकरण प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने और गैर–कार्यकारी कर्मचारियों के लिए इसके छह अनिवार्य पाठ्यक्रमों को पूरा करने के लिए 16 और 17 दिसंबर 2024 को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम दिन यानि 16 दिसंबर को सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों से 50 नोडल अधिकारीगण तथा द्वितीय दिन यानि 17 दिसंबर को सीसीएल के विभिन्न परियोजनाओं से 70 नोडल अधिकारीगण इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।



"कर्मयोगी" पोर्टल पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का दृश्य

इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि सभी प्रतिभागी कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर सफलतापूर्वक पंजीकरण कर सकें। इस प्लेटफॉर्म में अपने को पंजीकृत कर इसके विभिन्न पाठ्यक्रमों में से किन्ही छः पाठ्यक्रमों को अनिवार्य रूप से पूरा करें। इस प्रक्रिया को पूरा करने में उनकी इकाइयों में अन्य लोगों की सहायता करें, जिससे पूरे संगठन में डिजिटल जागरूकता बढ़े।

कार्यक्रम का उद्‌घाटन जीएम (एचआरडी) श्री के. रामकृष्ण ने किया, जिन्होंने संगठनात्मक विकास के लिए डिजिटल पहल के महत्व पर जोर दिया। महाप्रबंधक (अधिकारी स्थापना) श्री संजय कुमार ठाकुर ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। श्री विकास कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (एचआरडी) एवं श्री सी.एस.पी, प्रबंधक (खनन) द्वारा सत्र का संचालन कुशलतापूर्वक किया गया।

यह पहल कर्मचारियों के बीच डिजिटल साक्षरता बढ़ाने और सीसीएल में इसके अनुपालन और क्षमता निर्माण की संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह कौशल विकास और परिचालन दक्षता के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का लाभ उठाने के लिए संगठन की प्रतिबद्धता और सरकार की पहल के अनुरूप है।

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक संपन्न

## प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. रीता शुक्ल "सीसीएल राजभाषा भास्कर सम्मान" से सम्मानित




राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का एक दृश्य

सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची के नए भवन के तीसरे तल स्थित सभागार में 24.12.2024 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने की।

इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) के साथ महाप्रबंधक (ईई/राजभाषा) श्री संजय कुमार ठाकुर, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, महाप्रबंधक, राजभाषा नोडल अधिकारी और सीसीएल के क्षेत्रों से आए प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री मिश्र ने कहा कि यह केवल राजभाषा की बैठक नहीं है, बल्कि यह हमारे कार्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने राजभाषा कार्यान्वयन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी विभागों को हिंदी के कार्यान्वयन में प्रगतिशील दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। उन्होंने राजभाषा विभाग से अनुरोध किया कि वे उन विभागों की मदद करें जो हिंदी में काम करने में कठिनाई का सामना कर रहे हैं।

महाप्रबंधक (ईई/राजभाषा) श्री ठाकुर ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए राजभाषा विभाग द्वारा किए गए कार्यों और संबंधित विषयों पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त, डॉ. दिविक दिवेश, उप प्रबंधक (राजभाषा), ने बैठक के संचालन और समन्वय में विशेष योगदान दिया। उन्होंने इस अवसर पर प्रस्तुतिकरण के माध्यम से सभी विषयों और राजभाषा से संबंधित गतिविधियों पर जानकारी साझा की।

### सम्मान और पुरस्कार वितरण

- इस अवसर पर प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. रीता शुक्ल को "सीसीएल राजभाषा भास्कर सम्मान" प्रदान किया गया। डॉ. रीता शुक्ल ने सीसीएल द्वारा हिंदी के प्रचार–प्रसार में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और सुझाव दिया कि सीसीएल में हिंदी साहित्य पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए।
- राजभाषा चल शील्ड ( तिमाही) : क्षेत्र : उत्तरी कर्णपुरा, तकनीकी विभागरू भूगर्भ, अतकनीकी विभागरू सुरक्षा
- वार्षिक राजभाषा पुरस्कार : क्षेत्र : बोकारो एवं करगली, कुजू, कथारा
- मुख्यालय (अतकनीकी) : सुरक्षा, जनसंपर्क, कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध
- मुख्यालय (तकनीकी) : सिविल (नगर प्रशासन), एनआईएमसी, प्रणाली

इस अवसर पर राजभाषा पखवाड़ा के दौरान आयोजित निबंध लेखन, टिप्पण लेखन, कविता पाठ और टाइपिंग टेस्ट प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया।




प्रतिष्ठित सात्यिकार डॉ. रीता शुक्ल को "सीसीएल राजभाषा भास्कर सम्मान" प्रदान करते निदेशक (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र

# तीन दिवसीय सीआईएल अंतर कंपनी वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2024 सफलता पूर्वक संपन्न

सीसीएल के गांधीनगर क्रीड़ांगन में 22 से 24 दिसंबर 2024 तक आयोजित सीआईएल अंतर कंपनी वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2024 सफलता पूर्वक संपन्न हो गई। झारखंड वॉलीबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में सीसीएल की आयोजन समिति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एनसीएल और एमसीएल के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में एमसीएल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एनसीएल को 3–1 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। चार सेटों में हुए इस मैच में दोनों टीमों ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। स्कोर क्रमशः 26–24, 25–23, 19–25 और 25–17 रहा।

पुरस्कार विजेता :

फाइनल मैच में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए श्री सुधांशु मोहन साहू को 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार प्रदान किया गया। उनके बेहतरीन खेल के लिए उन्हें 'बेस्ट डिफेंडर' का अवार्ड भी दिया गया।

बेस्ट स्मैशर का पुरस्कार श्री अरुण कुमार वैद्य को मिला।

बेस्ट लिफ्टर का पुरस्कार सुजीत कुमार को दिया गया।

पूरे टूर्नामेंट में अपने असाधारण खेल कौशल के लिए कुणाल शर्मा को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' के खिताब से सम्मानित किया गया।




फाइनल में विजेता टीम एमसीएल के खिलाड़ियों के साथ निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र

फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि सीएमडी सीसीएल श्री निलेंदु कुमार सिंह थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने



फाइनल मैच के दौरान खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते सीसीएल के सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह

आयोजन समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि यह टीम भावना, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मकता का भी महत्व दर्शाते हैं।

विशिष्ट अतिथि श्री हर्ष नाथ मिश्र ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके प्रयासों की सराहना की। अतिथियों ने विजेताओं को ट्रॉफी और पुरस्कार वितरित किए।

पारा खिलाड़ियों का विशेष सम्मान :

फाइनल मैच से पहले सिटिंग वॉलीबॉल का प्रदर्शन किया गया, जिसमें पारा खिलाड़ियों ने अपने अदम्य साहस और जज्बे का परिचय दिया। सीएमडी सीसीएल श्री सिंह ने पारा खिलाड़ियों के हौसले को सलाम करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया।

तीन दिनों तक चले इस टूर्नामेंट ने खेल प्रेमियों को बेहतरीन वॉलीबॉल का आनंद दिया और टीम भावना के महत्व को एक बार फिर उजागर किया। सीसीएल की आयोजन समिति और झारखंड वॉलीबॉल संघ ने इस आयोजन को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया।

# अर्पिता महिला मंडल की ठंड में मानवता भरी पहल




कांट्रैक्ट कर्मियों को राहत सामग्री प्रदान करती अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती प्रीति सिंह

अर्पिता महिला मंडल, सीसीएल मुख्यालय के ऑफिसर्स वाइफ एसोसिएशन की अध्यक्षा श्रीमती प्रीति सिंह और माननीय सदस्यों के मार्गदर्शन में ठंड के मौसम में कांट्रैक्ट कर्मियों की सहायता के लिए एक विशेष पहल का आयोजन किया गया।

इस सामाजिक कार्य के तहत, जवाहर नगर कॉलोनी में 32 कांट्रैक्ट कर्मियों को राहत सामग्री वितरित की गई। प्रत्येक कर्मी को 2 कंबल, एक जोड़ी मोजे, भोजन का पैकेट और चूड़ा प्रदान किया गया।

इस अवसर पर अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती प्रीति सिंह और अन्य सम्मानित सदस्यों – श्रीमती शशि दुहान, श्रीमती निशा शुक्ला, श्रीमती रश्मि शर्मा, श्रीमती त्रिवेणी इनामदार, श्रीमती नीता लाल, श्रीमती सरिता सक्सेना, श्रीमती कविता झा, श्रीमती सोनल, श्रीमती संगीता सिंह, श्रीमती पूनम झा, और श्रीमती आरती चंदेल – की उपस्थिति रही।



कांट्रैक्ट कर्मियों के साथ अर्पिता महिला मंडल की सदस्यागण

महिला मंडल की इस पहल ने समुदाय के प्रति उनके समर्पण और सेवा भावना को दर्शाया है। ठंड के इस कठिन समय में, यह प्रयास न केवल जरूरतमंद कर्मियों के लिए राहत लेकर आया बल्कि समाज में सहयोग और सद्भाव का संदेश भी दिया।

अर्पिता महिला मंडल भविष्य में भी इसी प्रकार सामाजिक कल्याण के कार्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखेगा।

> “ आज हमें
> ऊँच–नीच, अमीर–गरीब, जाति–पंथ
> के
> भेदभावों को समाप्त कर देना चाहिए। ”
>
> – सरदार बल्लभभाई पटेल

# सीसीएल अधिकारी श्री मयंक कश्यप की नवीन कृति "ओडिसी ऑफ डेज" का भव्य विमोचन



मयंक कश्यप की नवीन कृति "ओडिसी ऑफ डेज" का भव्य विमोचन का एक दृश्य

उपन्यासकार मयंक कश्यप की नवीनतम पुस्तक "ओडिसी ऑफ डेज" का 29 दिसम्बर को भव्य विमोचन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि राज्यसभा के उपसभापति माननीय श्री हरिवंश जी, और पद्मश्री श्री अशोक भगत जी एवं सीसीएल के सीएमडी श्री निलेंदु कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। अवसर विशेष पर अर्पिता महिला मंडल को अध्यक्षा श्रीमती प्रीति सिंह एवम् लेखक के परिवारजन भी उपस्थित थे। यह समारोह बीएनआर चाणक्य, राँची के सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें साहित्य जगत के अलावा की कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया।

"ओडिसी ऑफ डेज" एक मार्मिक कथा है, जो भाई–बहन के संबंधों, नशे के विनाशकारी प्रभाव, और आत्मा की अटूट शक्ति की गहराई से पड़ताल करती है। यह उपन्यास ऋषि और नितिका नामक दो अनाथ भाई–बहनों की कहानी है, जो जीवन की कठिनाइयों और मानवीय जज्बे के बीच संघर्ष करते हुए अपने रिश्ते को पुनः स्थापित करने का प्रयास करते हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत श्री आलोक गुप्ता, विभागाध्यक्ष (सीसी एंड पीआर), सीसीएल के स्वागत भाषण और लेखक की परिचय प्रस्तुति से हुई। उपन्यास पर डॉ. मृगाक्षी आलोक ने गंभीर साहित्यिक विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए इसके कथानक और शिल्प पर प्रकाश डाला।

सीसीएल के सीएमडी श्री नीलेंदु कुमार सिंह ने मयंक कश्यप के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, "इस तरह की साहित्यिक कृतियाँ समाज पर गहरा प्रभाव छोड़ती हैं और सकारात्मक बदलाव की प्रेरणा देती हैं।"

पद्मश्री श्री अशोक भगत, जो एक प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता हैं, ने अपने संबोधन में "ओडिसी ऑफ डेज" की गहरी अंतर्दृष्टि और भाई–बहन के बंधन की अनूठी यात्रा को उजागर करने के लिए मयंक कश्यप की सराहना की। उन्होंने कहा, "साहित्य न केवल सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देता है, बल्कि आलोचनात्मक सोच को भी



पुस्तक विमोचन के अवसर पर सभी को संबोधित करते
सीएमडी, सीसीएल श्री निलेन्दु कुमार सिंह

प्रोत्साहित करता है। यह पुस्तक समाज के सामने एक आईना पेश करती है और कथा कहने की शक्ति को नए आयाम प्रदान करती है।" उनकी प्रेरक बातें श्रोताओं के दिलों में गूंजती रहीं और साहित्य की शक्ति को उजागर करती रहीं।

श्री हरिवंश जी ने अपने प्रेरणादायक मुख्य भाषण में कहा, साहित्य समाज का दर्पण है। "ओडिसी ऑफ डेज" जैसे उपन्यास न केवल हमारे समय की सच्चाइयों को उजागर करते हैं, बल्कि हमें आत्ममंथन और समाज को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित भी करते हैं। उन्होंने लेखक की प्रशंसा करते हुए इसे एक प्रेरणादायक साहित्यिक उपलब्धि बताया। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने समाज में फैल रहे नशे को विशेष रूप से रेखांकित किया साथ ही साथ नशा मुक्ति के लिए परिवार और समाज की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. आर.के. रॉय ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

ज्ञात हो कि श्री मयंक कश्यप सीसीएल के सीसी एंड पीआर विभाग में उप प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं एवम् इस से पूर्व उन्होंने दो और किताबें प्रकाशित किया है। पहली किताब "फ्रैगमेंट्स ऑफ माय इमैजिनेशन" जो कि एक बेस्टसेलर कविता संग्रह, जिसने पाठकों के दिलों को छू हैं वहीं दूसरी किताब "द हार्ट दैट वाज योर्स" – एक दिल को छू लेने वाला फिक्शन उपन्यास था ।

# सीसीएल अंतर–क्षेत्रीय हॉकी महोत्सव, 2024
## अरगडा क्षेत्र में खेल भावना और उत्कृष्टता का उत्सव




अंतर–क्षेत्रीय हॉकी महोत्सव, 2024 के फाइनल मैच के अवसर पर आयोजकों के साथ उपस्थित निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र

सीसीएल द्वारा आयोजित अंतर–क्षेत्रीय हॉकी महोत्सव, 2024 का भव्य आयोजन 26 दिसंबर से 29 दिसंबर, 2024 तक अरगडा क्षेत्र के गिद्दी–'सी' फुटबॉल स्टेडियम में हुआ। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में सीसीएल के विभिन्न कमांड क्षेत्रों की 12 टीमों ने भाग लिया। सभी मैच लीग प्रारूप में खेले गए, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

टूर्नामेंट का उद्घाटन 26 दिसंबर 2024 को श्री संजय कुमार झा, महाप्रबंधक, अरगडा क्षेत्र द्वारा किया गया।

29 दिसंबर 2024 को फाइनल मुकाबले और समापन समारोह का आयोजन गिद्दी–'सी' फुटबॉल मैदान में हुआ। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र ने मुख्य अतिथि के रूप में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल भावना को प्रोत्साहित करने के लिए अपनी शुभकामनाएँ दीं। हजारीबाग क्षेत्र की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए बरका सयाल क्षेत्र की टीम को 1–0 के करीबी अंतर से पराजित कर चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

'मैन ऑफ द मैच' और 'मैन ऑफ द सीरीज' का खिताब हजारीबाग क्षेत्र के श्री आनंद कुमार ने अपने शानदार प्रदर्शन के लिए जीता। 'सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर' का पुरस्कार हजारीबाग क्षेत्र के श्री गुणीलाल मांझी को दिया गया। 'सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर' का सम्मान बरका सयाल क्षेत्र के श्री रमेश हांसदा को मिला। 'सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकर' का पुरस्कार बरका सयालक्षेत्र के श्री राजू मुर्मू को प्रदान किया गया।

समापन समारोह के दौरान सीसीएल के निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र की उपस्थिति में हजारीबाग क्षेत्र को अगले वर्ष के सीसीएल अंतर–क्षेत्रीय हॉकी महोत्सव की मेजबानी की जिम्मेदारी सौंपी गई। निदेशक महोदय द्वारा खिलाड़ियों, कोच और सभी सहभागी टीमों को खेल भावना बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।



समापन समारोह के दौरान संबोधित करते निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र

# सीसीएल में सेवानिवृत्त कर्मियों को भावभीनी विदाई



सम्मान समारोह के दौरान सेवा निवृत्त होने वाले कर्मियों के साथ सीएमडी, सीसीएल श्री निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र एवं अन्य गणमान्य

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मुख्यालय में 31 दिसम्बर को एक भव्य "सम्मान समारोह" का आयोजन किया गया, जिसमें दिसंबर 2024 में सेवानिवृत्त होने वाले 117 कर्मियों में से मुख्यालय में कार्यरत 14 कर्मियों को विदाई दी गई।

समारोह में सेवानिवृत्त कर्मियों में प्रमुख नामों में शामिल हैं : डॉ. सुमन सिंह (सीएमएस, चिकित्सा विभाग), श्री सुनील कुमार सिंह (महाप्रबंधक, खनन), श्री संजय वर्मा (महाप्रबंधक, उत्खनन), श्री जीवेन्द्र नारायण (मुख्य प्रबंधक, सीएमसी विभाग), श्री राजीब कुमार (मुख्य प्रबंधक, पेंशन विभाग), श्री मुकेश चंद्र नहाटा (मुख्य प्रबंधक, वित्त), श्री ज्योतिष नारायण पांडेय (वरीय निजी सहायक, भूगर्भ विभाग), श्री मुन्ना प्रसाद (कार्यालय अधीक्षक, नगर प्रशासन), श्रीमती नीलम सुषमा कुजूर (मेट्रोन, गांधीनगर अस्पताल), श्री राजा दासगुप्ता (मुख्य ड्राफ्ट्स मैन, पर्यावरण एवं वन विभाग), श्री शाहिद परवेज (लेखापाल, चिकित्सा विभाग), श्री बिमल राम (वरीय डीईओ, सेल्स एंड मार्केटिंग), श्री बीरेंद्र कुमार सिंह (वरीय लिपिक, ईई विभाग) और श्री बल मुकुंद दुबे (हेड सिक्यूरिटी गार्ड, सुरक्षा विभाग)।

समारोह में सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, अधिकारीगण, कर्मचारीगण और सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों के अनुभव और योगदान पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म प्रदर्शित की गई। इस फिल्म में कर्मियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया और इसके निरंतर विकास की कामना की।

मुख्य अतिथि सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा, "आप सभी ने अपनी मेहनत और निष्ठा से कंपनी को नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया है। सेवानिवृत्ति जीवन की नई शुरुआत है। इस समय को परिवार के साथ बिताएँ, स्वास्थ्य का ख्याल रखें और समाज में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएँ।" निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने भी सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान को सराहते हुए उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

# सोशल मीडिया में सीसीएल













(आंतरिक वितरण हेतु सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित)
सम्पादक : आलोक कुमार, विभागाध्यक्ष, सीसी एंड पीआर विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), मनीष कुमार तिवारी, सहायक प्रबंधक, बिट्टू कुमार, सहायक प्रबंधक, सीसी एंड पीआर विभाग
CentralCoalfieldsLtd CCLRanchi centralcoalfieldsltd Central Coalfields Limited